20 देशों से आएंगे 10 हजार मेहमान

जासं, लखनऊ : 10 से 12 फरवरी के बीच लखनऊ में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 20 देशों से 10 हजार मेहमान भी आएंगे। मेहमानों को शहर के प्रमुख होटलों और रिसोर्ट के अलावा फाइव स्टार टेंट सिटी में ठहराया जाएगा। 10 फरवरी को समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। दूसरे दिन 11 फरवरी को रक्षा मंत्री के अलावा गृहमंत्री अमित शाह और 12 फरवरी को समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी।

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। गृह मंत्रालय और पीएमओ के अधिकारी भी प्रदेश पुलिस के संपर्क में हैं और कार्यक्रम को फाइनल किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में मेहमानों को देखते हुए होटलों और रिसोर्ट को मेहमानों के लिए पहले से ही आरक्षित कर दिया गया है। प्रशासन ने सभी होटलों को इस दौरान कोई भी बुकिंग नहीं करने के निर्देश दिए हैं। विदेशी मेहमानों को ठहराने के लिए फाइव स्टार होटल की तरह टेंट सिटी भी बनाई जा रही है। फाइव स्टार टेंट सिटी में फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। टेंट में रेस्तरां, स्पा, बिलियर्ड रूम, सोविनियर और कान्फ्रेंस रूम सहित तमाम सुविधाओं से लैस किया जा रहा है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

- इन्वेस्टर्स समिट में फाइव स्टार टेंट सिटी में भी रहेंगे मेहमान
- राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तेज हुई तैयारी

द्रौपदी मुर्मु व नरेन्द्र मोदी • जागरण आर्काइव